## कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला–दुर्ग
## निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन–2/2026/363 भिलाई, दिनांक 1/4/7/2026

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 20.04.2026/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 20.04.2026, विद्युत एस.ओ.आर. 10.04.2026, पी.एस.ई.डी. एस.ओ.आर. 2022–23 एवं आयटम दर अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | – 04.08.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | – 06.08.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि | – 10.08.2026 to till date |

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | ठेकेदारो की श्रेणी | फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 15 अंबेडकर नगर के शांति नगर के सड़क 0 से 9 तक नाली संधारण कार्य। | 2.50 | 2500.00 | 750.00 | 60 दिन | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 2 | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 19 राजीव नगर प्रगति पथ मार्ग में नाली संधारण कार्य। | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | 60 दिन | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 3 | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 19 राजीव नगर/कारगिल चौक रामनगर में नाली संधारण कार्य। | 3.00 | 3000.00 | 750.00 | 60 दिन | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 4 | जोन क्र. 02 अंतर्गत डी.आई. पाईप से एम.डी.पी.ई. पाईप लाईन का इण्टरकनेक्शन कार्य। (द्वितीय निविदा) | 3.50 | 3500.00 | 750.00 | आवश्यकतानुसार | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए., बी एवं ए.बी. सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 5 | वार्ड क्र. 15 अंबेडकर नगर पी.डी.एस. भवन मे फुड ग्रेन एटीएम लगाने हेतु भवन का संधारण कार्य। | 3.54 | 3500.00 | 750.00 | 60 दिन | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 6 | जोन क्र. 02 मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 29 वृंदानगर क्षेत्र में सीमेंटीकरण रोड संधारण कार्य। | 3.98 | 4000.00 | 750.00 | 60 दिन | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 7 | निगम मद अंतर्गत जोन क्र. 02 क्षेत्रांतर्गत स्थित वार्डो में जलापूर्ति पाईप लाईन से घर–घर नल कनेक्शन का कार्य। | 4.00 | 4000.00 | 750.00 | आवश्यकतानुसार | 'द' एवं प्रवर | फार्म बी. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |
| 8 | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 15 अंबेडकर नगर हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक मंच संधारण कार्य। | 4.00 | 4000.00 | 750.00 | 60 दिन | 'द' एवं प्रवर | फार्म ए. एवं ए.बी.सी. सेड्यूल ऑफ आयटम |

नोट :–

1. शपथ पत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ हस्ताक्षर युक्त होना अनिवार्य है।
2. सम्पूर्ण दस्तावेजों में स्वयं का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
3. जीवित ठेकेदारी ई–पंजीयन, जीवित बैंक साल्वेंसी, पेनकार्ड, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र एवं 03 साल का आई.टी.आर. (वित्तीय वर्ष अनुसार) हस्ताक्षर युक्त होना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक कार्य के लिये पृथक–पृथक डी.डी. आयुक्त नगर पालिक निगम, भिलाई के नाम से होना अनिवार्य है।
5. प्राप्त एफ.डी.आर. की परिपक्वता तिथि पूर्ण रूप से निविदा प्राप्ति तल चालू होना अनिवार्य है। परिपक्वता तिथि समाप्त होने पर निविदा दर नही खोली जावेगी।
6. एजेंसी निर्धारित फार्म वेबसाईट से डाउनलोड कर निर्धारित कार्यालयीन समय में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करेंगें।

**नियम एवं शर्तें:–** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। 2. निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। 3. धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता/जोन आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं संबंधित ठेकेदार के नाम से संयुक्त एफ.डी.आर. किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का संलग्न करना होगा प्रत्येक कार्य के लिये जीवित ठेकेदारी ई–पंजीयन, व्यवसायिक कर प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जी.एस.टी. प्रमाण–पत्र, जीवित बैंक सालवेंसी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति लिफाफा "क" में प्रस्तुत करना है, एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा "ख" में प्रस्तुत करना होगा। 4. कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम लागू होगी। 5. सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी भी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। 6. नगर निगम की वाहनों से निर्माण कार्य हेतु पानी लेने पर देयक से 1% राशि की कटौती की जावेगी, किन्तु निगम वाहनों से जल उपलब्ध कराने हेतु बाध्य नहीं रहेगा। निगम क्षेत्र के स्त्रोंतों से स्वयं के वाहनों से पानी लेने पर 0.5% की कटौती की जावेगी। 7. सफल निविदाकार की निविदा दर निविदा राशि के 90% से कम होने की स्थिति में अंतर की राशि की एफ.डी.आर. नियमानुसार परफारमेंस गांरटी के रूप में संविदा के पूर्व जमा करना होगा। 8. शासन के निर्देशानुसार श्रमिको से संबंधित कार्यो हेतु श्रमिकों का पी.एफ. कटौती किया जाना हैं तथा बैंको में खाता खोलकर सीधे उनके बैंक खाते में श्रमायुक्त द्वारा स्वीकृत दरों के अनुरूप प्रतिमाह राशि जमा किया जाना है। 09. शपथ पत्र। 10. प्रस्तुत दस्तावेज असत्य पाये जाने पर पंजीयन निरस्त कर, काली सूची में दर्ज करने की कार्यवही की जावेगी। 11. यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि/खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जायेगा। 12. किसी भी विवाद स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। 13. ऐसे व्यक्तियों को जो किसी भी तरह के लिए पहले ठेके निश्चित समय और राशि कें पूरा करने में असफल हुए हो, को ठेका नहीं दिया जायेगा। 14. सभी दस्तावेज स्वयं प्रमाणित/नोटरी प्रमाणित होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय एवं तिथि में कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जोन क्र.–02 वैशाली नगर तथा नगर पालिक निगमभिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है। 15. छ.ग. शासन के पत्र दिनांक 25.05.2026 के अनुसार निविदा प्रपत्र कार्यालय मे प्रत्यक्ष रूप से प्रदान नही किया जावेगा, निविदाकारों को वेब साईट के माध्यम से प्राप्त किया जाना है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक–02
नगर पालिक निगम
भिलाई